Vaginal Infection

A vaginal infection, also called vaginitis, is the irritation of the vagina that causes changes in vaginal discharge, itching, odor and other signs.

Most women have some vaginal discharge. This discharge keeps the vagina clean and moist. Normal discharge has a mild odor and should be clear, white or yellow. It may leave a yellowish color on your underpants when it dries. You may have a few days of heavy, clear, slippery discharge about halfway between your monthly periods. This occurs when an ovary releases an egg.

Signs

You may have one or more of these signs with a vaginal infection:

- Change in the amount, color or odor of vaginal discharge
- Itching or burning around the vagina
- Burning when urinating
- An urge to urinate more often
- Sores or warts near the vaginal opening
- Painful sexual intercourse
- Chills or fever
- Stomach or abdominal pain or cramping

Call your doctor if you have any signs of infection. Your doctor will do an exam to find out the type of infection you have.

योनि संक्रमण

योनि संक्रमण, जिसे योनिशोथ भी कहा जाता है, योनि का प्रदाह है जो योनिस्राव में बदलाव, खुजली, बदबू और दूसरे लक्षण पैदा करता है।

अधिकतर औरतों की योनि से कुछ स्राव होते हैं। जो योनि को साफ-सुथरा और नम रखते हैं। सामान्य स्राव में हल्की-सी गंध होती है और उसे स्वच्छ, सफेद या पीला होना चाहिए। सूखने के बाद वह आपके जांघिये पर पीला दाग छोड़ सकता है। आपके मासिक चक्र के बीच में कुछ दिन ज्यादा, स्वच्छ, और चिपचिपा स्राव हो सकता है। यह डिंबग्रंथि के डिंब छोड़ने पर होता है।

लक्षण

योनि संक्रमण हो जाने पर आप निम्न में से किसी एक या कई लक्षणों से पीड़ित हो सकती है:

- योनिस्राव की मात्रा, रंग या गंध में परिवर्तन
- योनि के आस-पास खुजली या जलन
- पेशाब करते समय जलन
- बार-बार पेशाब आना
- योनिमुख के पास घाव या मस्सा
- कष्टदायी संभोग
- कंपकंपी या बुखार
- पेट या उदर में दर्द या मरोड़

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण हो तो **अपने डाक्टर को फोन करें**: आपका डाक्टर, यह पता लगाने के लिए, कि किस तरह का संक्रमण हुआ है, एक जांच करायेगा।

Types of Vaginal Infection

- **Yeast Infection**

  Yeast infections are caused by fungus. Vaginal discharge is thick, white and looks like cottage cheese. There is a strong, but not foul odor. Yeast infections can cause vaginal itching.

- **Bacterial Vaginosis (BV)**

  Bacteria that live in stool cause this type of vaginal infection. Vaginal discharge is watery, gray in color, heavy and foul smelling. There may be pain during urination and itching around the vagina.

- **Atrophic Vaginitis**

  The thinning and shrinking of the vagina causes this infection. It can occur when estrogen levels are low after menopause, childbirth or while breastfeeding. It may cause discharge, itching and burning. Urination and sexual intercourse may become difficult and painful.

- **Trichomoniasis Vaginitis**

  "Trich" is a sexually transmitted infection caused by a parasite. Heavy discharge with odor, itching, and painful sexual intercourse and urination may occur. Some women have no signs. You may become infected again if your partner is not also treated.

Your Care

See your doctor if you have any signs of infection. Your treatment may include:

- Medicines
  - Finish all of your medicine as ordered. The infection may still be present even if the discharge goes away before the medicine is finished.
- Bathing
  - Bathe or shower each day and clean the area around the vagina well.

योनि संक्रमण के प्रकार

- **यीस्ट संक्रमण**

  यीस्ट संक्रमण फंफूद से होते हैं। सफेद, गाढा योनिस्राव आता है और कुटीर उद्योग में बने पनीर-जैसा दिखता है। तीक्ष्ण गंध आती है जो दुर्गंध नहीं होती। यीस्ट संक्रमण से योनि में खुजली हो सकती है।

- **जीवाणु योनिशोथ (बैक्टीरियल वैजिनोसिस, बीवी)**

  मल में रहने वाले जीवाणु इस तरह के योनि संक्रमण पैदा करते हैं। योनि स्राव पानी जैसा, भूरा होता है, स्राव ज्यादा आता है और बदबू करता है। पेशाब करते समय दर्द हो सकता है और योनि के आस-पास खुजली हो सकती है।

- **अपक्षयिक योनिशोथ**

  योनि के पतला होने और सिकुड़ने से यह संक्रमण होता है। रजोनिवृत्ति, प्रसव या स्तनपान कराने के दौरान जब एस्ट्रोजोन का स्तर घट जाता है उस समय यह संक्रमण हो सकता है। इसमें योनिस्राव आ सकता है, योनि में खुजली और जलन हो सकती है। पेशाब और योनि संसर्ग करना कठिन और कष्टकर हो सकता है।

- **ट्राईकोमोनियासिस योनिशोथ**

  "ट्रिच" योनि संसर्ग से फैलने वाला संक्रमण है जो एक जीवाणु से होता है। इस संक्रमण में योनिस्राव बढ़ जाता है, और बदबूदार होता है, खुजली होती है और योनि संसर्ग और पेशाब करने पर दर्द होता है। कई औरतों में कोई लक्षण नहीं होते हैं। यदि आपके साथ का उपचार न किया जाए तो आपको दुबारा संक्रमण हो सकता है।

आपकी देखभाल

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण हो तो अपने डाक्टर से मिलें। आपके उपचार में शामिल हो सकता है:

- दवाईयाँ
  - डाक्टर के आदेशानुसार अपनी सभी दवाईयाँ समाप्त करें। चाहे दवा खत्म होने से पहले ही योनिस्राव बन्द हो जाए फिर भी संक्रमण अभी भी हो सकता है।
- स्नान
  - हर दिन नहाएँ या शावर लें और योनि के आसपास के क्षेत्र को साफ करें।

    - Keep the area as dry as you can. Wear cotton underwear.
- Sanitary pads
    - Use sanitary pads if there is a lot of discharge.
    - **Do not** use tampons to absorb discharge.

Both you and your partner may need treatment as **some types of vaginal infection can be spread by sexual contact**. Ask your doctor if your partner needs treatment. If you are told to return for a follow up check, be sure to schedule an appointment for that.

Preventing Vaginal Infections

If you have a vaginal infection that keeps coming back, try these tips to help prevent it:

- Avoid spreading germs from the rectum to the vagina. After a bowel movement, wipe from front to back, away from the vagina.
- Clean the lips of the vagina well and keep the area as dry as possible.
- Avoid irritating soaps or detergents, feminine hygiene sprays, perfumed toilet paper or perfumed tampons.
- Clean diaphragms and spermicidal applicators with hot soapy water and rinse well.
- **Do not douche.**
    - Using a douche can wash away good bacteria and cause you to have more vaginal infections.
    - Your vaginal discharge will smell different during your monthly cycle. This is normal. If you have an odor that does not go away after washing, check with your doctor or nurse.

- उस जगह को जहां तक हो सके सूखा रखें। सूती अधोवस्त्रों का उपयोग करें।

- सेनेटरी पैड्स
  - अगर बहुत ज़्यादा स्राव हो रहा है तो सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करें।
  - स्राव सोखने के लिए टैम्पॉन का प्रयोग **न करें**।

आप और आपके साथ दोनों को इलाज कराने की आवश्यकता हो सकती है क्योंकि **कई प्रकार के योनि संक्रमण योन संसर्ग से फैलते हैं।** अपने डाक्टर से पूछें कि क्या आपके साथी को इलाज की जरूरत है। यदि आपको फॉलो-अप जांच के लिए दुबारा बुलाया जाए तो उसके लिए एक मुलाकात निर्धारित करना सुनिश्चित करें।

योनि संक्रमण से बचाव

यदि आपको एक ऐसा योनि संक्रमण है जो बार-बार वापस हो जाता है तो इससे बचने के लिए इन सुझावों को अपनाएँ:

- मलाशय से योनि में रोगाणु पहुंचने से बचाएँ। मलत्याग के बाद योनि से दूर आगे से पीछे की ओर पोछें।
- योनि के ओष्ठों को अच्छी तरह साफ करें और उस क्षेत्र को जितना संभव हो सूखा रखें।
- जलन या क्षोभ पैदा करने वाले साबुनों, डिटरजेंटों, महिलाओं के हाइजीन स्प्रे, सुगंधित टायलेट पेपर और सुगंधित टैंपूनों के इस्तेमाल से बचें।
- डायाफ्रामों और शुक्राणुनाशक एप्लिकेटरों को साबुन वाले गरम पानी से अच्छी तरह धोएँ और उसके बाद अच्छी तरह खंगालें।
- **डूश न दें।**
  - डूश का इस्तेमाल करने से अच्छे बैक्टीरिया भी धुल सकते हैं और इससे और अधिक योनि संक्रमण हो सकता है।
  - आपकी योनि से निकलने वाले स्राव की गन्ध आपके मासिक धर्म के दौरान की गन्ध से अलग होगी। यह सामान्य है। यदि कोई ऐसी बदबू है जो धोने के बाद चली नहीं जाती तो अपने डाक्टर या नर्स से बात करें।

- Douching after sexual intercourse does not prevent pregnancy.
    - Women who douche may have more of a chance of getting pelvic inflammatory disease.
- Avoid tight jeans, panties or panty hose without a cotton crotch, and other clothing that can trap moisture.
- Do not use home remedies. Home remedies only hide the problem.
- Use condoms to protect yourself from sexually transmitted diseases (STDs).

Talk to your doctor or nurse if you have any questions or concerns.

2008 – 1/2012 Health Information Translations

Unless otherwise stated, user may print or download information from www.healthinfotranslations.org for personal, non-commercial use only. The medical information found on this website should not be used in place of a consultation with your doctor or other health care provider. You should always seek the advice of your doctor or other qualified health care provider before you start or stop any treatment or with any questions you may have about a medical condition. Wexner Medical Center at The Ohio State University, Mount Carmel Health System, OhioHealth and Nationwide Children's Hospital are not responsible for injuries or damages you may incur as a result of your stopping medical treatment or your failure to obtain medical treatment.

- संभोग के बाद डूश से धोना आपको गर्भवती होने से नहीं बचाता है।
- वे औरतें जो डूश का इस्तेमाल करती हैं उन्हें श्रोणि की सूजन की बीमारी होने के अधिक अवसर होते है।

- कसी हुई जींस, पैंटीज़ या सूती क्रोच के बिना पहने पैंटी होज और अन्य कपड़े जो नमी को जकड़ लेते हैं, पहनने से बचें।
- घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल न करें। घरेलू नुस्खे केवल समस्या को छुपाते हैं।
- अपने आपको यौन संसर्ग से होने वाली बीमारियों (STDs) से बचाने के लिए कंडोम का प्रयोग करें।

यदि आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हों तो अपने डाक्टर या नर्स से बात करें।

2008 – 1/2012 Health Information Translations

Unless otherwise stated, user may print or download information from www.healthinfotranslations.org for personal, non-commercial use only. The medical information found on this website should not be used in place of a consultation with your doctor or other health care provider. You should always seek the advice of your doctor or other qualified health care provider before you start or stop any treatment or with any questions you may have about a medical condition. Wexner Medical Center at The Ohio State University, Mount Carmel Health System, OhioHealth and Nationwide Children's Hospital are not responsible for injuries or damages you may incur as a result of your stopping medical treatment or your failure to obtain medical treatment.